**सत्र 2024 -2025 के लिए पाठयक्रम (कक्षा -III)**

**विषय - हिंदी**

**<u>शिक्षकों के लिए सुझाव</u>**

- खेल आधारित, गतिविधि आधारित व समूह आधारित शिक्षण विधियों का प्रयोग करें। गतिविधियों में विद्यार्थियों को एक दूसरे से सीखने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हों।
- भाषा शिक्षण के लिए कक्षा लाइब्रेरी, समाचार-पत्र, वीडियो और ऑडिओ रिकॉर्डिंग आदि का भी प्रयोग करें। बच्चों को सिर्फ़ किताबों तक ही सीमित ना रखा जाए।
- भाषा के चारों कौशलों (श्रवण कौशल, वाचन कौशल, पठन कौशल और लेखन कौशल) को बराबर महत्व दें। बच्चों को ऐसी गतिविधियाँ करवाई जाएँ जिनसे सभी कौशलों का विकास हो सके।
- जब आप कोई भी पाठ बच्चों को पढ़ा रहे हो तो उसके पाठ के लेखक और प्रयोग की गई साहित्य की विधा के बारे में भी बच्चों को ज़रूर बताएँ।
- व्याकरण भाषा शिक्षण का अभिन्न अंग है व्याकरण बच्चों को रटाया ना जाए। व्याकरण के व्यवहारिक स्वरूप पर अधिक बल दें व उसका सन्दर्भ में प्रयोग करना सिखाएँ।
- शिक्षक पाठ में दिए गए QR Code का प्रयोग करें एवं विद्यार्थियों को भी प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करें।

| प्रथम सत्र (2024 -25) के लिए पाठ्यक्रम | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **कक्षा III** | | | | | | |
| **विषय- हिंदी** | | | | | | |
| **क्रम संख्या** | **पाठ संख्या** | **पाठ का नाम** | **सीखने के प्रतिफल** | **टिप्पणी कौशल - वाचन, श्रवण, पठन, लेखन** | **पाठ के लिए सुझाई गई गतिविधियाँ** | **सामग्री संवर्धन कार्यपत्रिका** |
| **सत्र 1** | | | | | | |
| 1 | 1 | सीखो | • कही जा रही बात, कविता, कहानी आदि को ध्यान से समझते हुए सुनते हैं और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकते हैं तथा उचित हाव भाव के साथ सुना सकते हैं।<br>• विद्यार्थी चित्र-वर्णन कर सकते हैं। | वाचन व श्रवण कौशल – प्रकृति से संबंधित चित्र दिखा कर विद्यार्थियों को बातचीत एवं अनुभव साझा करने के अवसर दीजिए।<br>पठन कौशल- विद्यार्थियों को कविता पढ़ने के लिए दीजिए और उस से सम्बंधित सरल प्रश्न पूछिए।<br>लेखन कौशल- सुलेख, कविता में 'किससे सीखने की बात आपको सबसे अच्छी लगी' विषय पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।<br>व्याकरण- श्रुतलेख, संज्ञा आदि का सन्दर्भ में प्रयोग। | • कविता में आपने जिससे जो सीखा उसका अभिनय करके दिखाइए।<br>• कविता को लय-ताल के साथ गाएँ।<br>• कविता से सम्बंधित चित्र बनवाएँ व उनपर बातचीत करें। | तरंग कार्यपुस्तिका की कार्यपत्रिका क्र. 2 एवं 4 |
| 2 | 2 | चींटी | • कविता को उचित हाव भाव के साथ सुना सकते हैं। | वाचन व श्रवण कौशल – कविता को लय ताल के साथ सस्वर वाचन के लिए प्रेरित करिए।<br>पठन कौशल- विद्यार्थियों को अन्य जानवरों से सम्बंधित कविताएँ पढने के लिए दीजिए।<br>लेखन कौशल- कविता से सम्बंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। | • कविता से सम्बंधित अभिनय बच्चों से कराइए।<br>• कविता पूरी करने के लिए दीजिए (रिक्त स्थानों के साथ)। | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | कितने पैर? | • कही जा रही बात, कविता, कहानी आदि को ध्यान से समझते हुए सुनते हैं और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकते हैं तथा उचित हाव भाव के साथ सुना सकते हैं। | वाचन व श्रवण कौशल– विद्यार्थी विभिन्न जानवरों की आवाज़ें निकालते हुए अभिनय करेंगे।<br>पठन कौशल- सस्वर व मूक पठन, विद्यार्थियों को पाठ के पीछे दिए 'दोस्त के जूते' पढ़ने के लिए दीजिए और सरल प्रश्न पूछिए। जोड़े में पठन गतिविधि कराएँ।<br>लेखन कौशल- संवाद लेखन (रिक्त स्थान के अनुरूप), जंगल में पाए जाने वाले जानवरों के नाम लिखिए।<br>व्याकरण- वाक्यांश के लिए एक शब्द का सन्दर्भ में प्रयोग। | विभिन्न जानवरों के मुखौटों का निर्माण करना। | |
| 3 | 4 | बया हमारी चिड़िया रानी | • लगभग 8-10 वाक्यों की साधारण कहानी अथवा कविता को आसानी से पढ़ सकते हैं तथा उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं। जैसे- विद्यार्थी बया पक्षी के बारे में बता सकते हैं। | वाचन व श्रवण कौशल – 'हम अपना घर बनाते समय किन-किन वस्तुओं का उपयोग करते हैं' पर चर्चा करना, हाव-भाव के साथ सस्वर वाचन। दिए गए शब्दों से कहानी बनाकर सुनाना।<br>पठन कौशल- पद्यांश पढ़ने के लिए दीजिए और सरल प्रश्न पूछिए। सस्वर, हाव भाव के साथ पठन, पाठ में दिए बूझो तो जानें पढ़कर उत्तर का अनुमान लगाएँ।<br>लेखन कौशल - पाठ में बया रानी नदियों से पानी लाती है, वह नदियों के अतिरिक्त कहाँ-कहाँ से पानी लाती होगी? उन स्रोतों के नाम लिखिए। दिए गए शब्दों की सहायता से कहानी या कविता लिखना।<br>व्याकरण - लिंग बदलो, वचन बदलो आदि का सन्दर्भ में प्रयोग। | • अपने मनपसंद पक्षी का चित्र बनाइए।<br>• खेल- खेल में शब्द ढूँढो (Crossword Puzzle) | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | आम का पेड़ | • लगभग 8-10 वाक्यों की साधारण कहानी अथवा कविता को आसानी से पढ़ सकते हैं तथा उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं। | <u>वाचन व श्रवण कौशल</u>– सस्वर वाचन कर पाठ की समुचित समझ विकसित कीजिए। आपको कौन-सा फल बहुत अच्छा लगता है, वह फल आपको क्यों पसंद है उसके बारे में बताइए।<br><u>पठन कौशल</u>- मूक पठन कर गद्यांश पर आधारित प्रश्नों पर चर्चा करें।<br><u>लेखन कौशल</u>- फल देने वाले वृक्षों के नाम लिखिए। लेखन अभ्यास गतिविधि कराइए।<br><u>व्याकरण</u>- विशेषता बताने वाले शब्दों का सन्दर्भ में प्रयोग। | • एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें।<br>• आम पर कोई कविता सुनें।<br>• आम की गुठली बोने की गतिविधि कराएँ। | |
| 5 | 6 | बीरबल की खिचड़ी | • अलग-अलग तरह की रचनाओं में आए नए शब्दों के अर्थ संदर्भ के अनुसार समझ सकते हैं और तीन-चार वाक्यों का स्वनियंत्रित लेखन कर सकते हैं।<br>• विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति विकसित की जा सकती है। | <u>वाचन व श्रवण कौशल –</u> अकबर और बीरबल की कोई और कहानी सुनाएं।<br><u>पठन कौशल-</u> सस्वर व मूक पठन, गद्यांश पढ़ने को दीजिए और सरल प्रश्न पूछिए।<br><u>लेखन कौशल-</u> दिए गए शब्दों की सहायता से कहानी लेखन।<br><u>व्याकरण</u>- विलोम शब्द, वाक्य शुद्धि आदि का सन्दर्भ में प्रयोग। | • भारत की नदियों के बारे में पता कीजिए।<br>• पुस्तकों या अन्य माध्यमों से बीरबल की कहानी ढूँढकर पढने के लिए प्रेरित करें। | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | मित्र को पत्र | • पाठ्यपुस्तक में आए दैनिक शब्दावली के हिन्दी भाषा के शब्दों का अर्थ समझते हैं तथा उनसे अर्थपूर्ण वाक्यों का निर्माण कर सकते हैं तथा सामान्य पत्र लेखन कर सकते हैं।<br>• विद्यार्थी औपचारिक और अनौपचारिक पत्र लिख सकते हैं। | <u>वाचन व श्रवण कौशल –</u> अनौपचारिक पत्रों की समझ विकसित करना, इस पत्र से गुवाहटी नगर के बारे में आपको क्या-क्या जानकारी मिली।<br><u>पठन कौशल-</u> पाठ को पढना व उसके विषय में बातचीत करना।<br><u>लेखन कौशल-</u> गर्मी की छुट्टियाँ साथ बिताने के लिए मित्र को आमंत्रण पत्र (रिक्त स्थानों के प्रारूप में)।<br><u>व्याकरण</u>- संयुक्त अक्षर (त्र,श्र) का सन्दर्भ में प्रयोग। | • डाक-टिकट इकट्ठा करें एवं उनकी उपयोगिता पर चर्चा कीजिए।<br>• भाषा की बात गतिविधि<br>• पाठ पढने की बाद गुवाहाटी नगर का कोई चित्र बनायें व उसपर चर्चा करें। | |

**नोट- उपर्युक्त पाठ्यक्रम पुनरावृत्ति के साथ मध्यावधि परीक्षा से पहले पूर्ण हो जाना चाहिए।**

| सत्र 2 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | प्रकृति पर्व- फूलदेई | • अपने आस-पास होने वाली घटनाओं और अपने अनुभव के विषय में बातचीत कर सकते हैं और उनसे संबंधित सवाल पूछ सकते हैं। जैसे- पाठ के आधार पर उत्तराखंड की संस्कृति के बारे में चर्चा कर सकते हैं। | <u>वाचन व श्रवण कौशल</u> – त्योहारों के महत्व पर चर्चा करना।<br>पठन कौशल- बच्चों को समूह में बांटकर पाठ को पढने के लिए कहिए व पाठ में आए त्योहारों से संबंधित चर्चा कीजिए।<br><u>लेखन कौशल-</u> भारत में कौन-कौन से त्योहार मनाए जाते हैं उनकी सूची बनाइए।<br><u>व्याकरण</u>- पूर्ण-विराम, अल्प-विराम, प्रश्नसूचक चिह्न आदि का सन्दर्भ में प्रयोग। | • अलग-अलग राज्यों में मनाए जाने वाले त्योहारों की सूची बनाइये।<br>• कक्षा में उपस्थित अलग-अलग संस्कृतियों के विद्यार्थियों के साथ उनके क्षेत्र विशेष से सम्बंधित त्योहारों, खानपान, वेशभूषा आदि की चर्चा करें, चित्र बनवाएँ व रोल प्ले करवाएँ। | तरंग कार्यपुस्तिका की कार्यपत्रिका क्र. 9, 13 एवं 17 |
| 8 | 11 | एक जादुई पिटारा | • अलग-अलग तरह की रचनाओं में आए नए शब्दों के अर्थ संदर्भ के अनुसार समझ सकते हैं और तीन-चार वाक्यों का स्वनियंत्रित लेखन कर सकते हैं।<br>• विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति विकसित की जा सकती है। | <u>वाचन व श्रवण कौशल</u> – कविता को लय-ताल व स्वरों के उतार चढ़ाव के साथ गाएँ व बच्चों को भी गाने के लिए कहें। कल्पना शक्ति से कविता बनाकर सुनना, जब पिटारा खोला गया तो उसमे से क्या-क्या निकला बताइए।<br><u>पठन कौशल-</u> पद्यांश पर आधारित चर्चा कराइए।<br><u>लेखन कौशल-</u> दिए गए संकेतों से कविता लिखिए।<br><u>व्याकरण</u>- तुकांत शब्द, शब्दों को व्यवस्थित क्रम में लिखिए। | • अपनी आवश्यकता की वस्तुओं का एक पिटारा बनाइए व अपने मित्रों के साथ उसपर बातचीत कीजिए।<br>• जादुई पिटारे का चित्र बनाकर उसमें रंग भरिये। | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 12 | अपना-अपना काम | • लगभग 8-10 वाक्यों की साधारण कहानी अथवा कविता को आसानी से पढ़ सकते हैं तथा उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं।<br>• विद्यार्थी काम करने के महत्व को जान सकते हैं। | <u>वाचन व श्रवण कौशल</u> – आपके घर में कौन क्या-क्या काम करता है? बताइए।<br><u>पठन कौशल-</u> जोड़ों में पठन, समूह में पठन, अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देना।<br><u>लेखन कौशल-</u> संवाद लेखन, आप अपने घर के किन कामों में हाथ बटाते हैं लिखकर कक्षा के सामने प्रस्तुत कीजिए।<br><u>व्याकरण</u>- संज्ञा, सर्वनाम, द्विरुक्ति शब्द आदि का सन्दर्भ में प्रयोग। । | • बगीचे का भ्रमण कर अपने मनपसंद पेड़ का चित्र बनाना व वाक्य लिखना।<br>• यदि आप एक दिन के लिए कुछ बन सकते तो क्या बनना चाहते? | |
| 10 | 13 | पेड़ों की अम्मा-'थिमक्का' | • अपने आस-पास होने वाली घटनाओं और अपने अनुभव के विषय में बातचीत कर सकते हैं और उनसे संबंधित सवाल पूछ सकते हैं।<br>• विद्यार्थी पेड़ों का महत्व समझ सकते हैं। | <u>वाचन व श्रवण कौशल</u> – पेड़ हमारे किस-किस काम आते हैं? क्या आपने किसी पौधे की देखभाल की है? कैसे? अपने घर में लगे पेड़ पौधों पर चर्चा करें।<br><u>पठन कौशल-</u> लाइब्रेरी से प्रकृति से जुड़ी पुस्तक उपलब्ध कराइए।<br><u>लेखन कौशल-</u> यदि आपको थिमक्का अम्मा को अपना परिचय देना हो तो आप कैसे देंगे? लिखकर बताइए।<br><u>व्याकरण</u>- द्वित्व व्यंजन, संयुक्ताक्षर आदि का सन्दर्भ में प्रयोग। । | • थिमक्का अम्मा के कौन-कौन से काम से आप प्रेरित हुए। थिमक्का अम्मा को पत्र लिखकर अपने मन की बात बताइए।<br>• पत्ते/सब्जी की छाप से प्रकृति का दृश्य। | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | 16 | चंद्रयान | • कही जा रही बात, कविता, कहानी आदि को ध्यान में समझते हुए सुनते हैं और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकते हैं तथा उचित हाव भाव के साथ सुना सकते हैं।<br>• विद्यार्थी पृथ्वी के उपग्रह (चाँद) के बारे में जान सकते हैं। | वाचन व श्रवण कौशल – कल्पना कीजिए कि अगर आपको चाँद पर जाने का मौका मिले तो आपको कैसा लगेगा?<br>पठन कौशल- पद्यांश पर आधारित बातचीत कीजिए। बच्चों को संवाद पढ़कर अभिनय करने का अवसर दें।<br>लेखन कौशल- चंद्रयान के बारे में अनुभव लिख कर कक्षा में साझा कीजिए।<br>व्याकरण- पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द आदि का सन्दर्भ में प्रयोग। | • भारत के चंद्र मिशन के बारे में जानकारी इकट्ठा कीजिए।<br>• रोल प्ले।<br>• लघु नाटक पढने के लिए दें। | |
| 12 | 18 | हम अनेक किन्तु एक | • कही जा रही बात, कविता, कहानी आदि को ध्यान से समझते हुए सुनते हैं और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर सकते हैं तथा उचित हाव भाव के साथ सुना सकते हैं।<br>• भारत की विविधता से परिचित किया जा सकता है। | वाचन व श्रवण कौशल – कविता को लय-ताल व स्वरों के उतार चढ़ाव के साथ गाएँ व बच्चों को भी गाने के लिए कहें । भारत देश के बारे में चर्चा करें।<br>पठन कौशल- जोड़ों में पठन, समूह में पठन, अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देना।<br>लेखन कौशल- तुकांत शब्द, शब्द निर्माण।<br>व्याकरण- एक-अनेक (वचन) का सन्दर्भ में प्रयोग। । | • विभिन्न राज्यों के भाषा एवं लोक-नृत्य पर आधारित अभिनय प्रस्तुत कीजिए।<br>• फैंसी ड्रेस ।<br>• विद्यार्थियों के साथ मिलकर कोई भी देशभक्ति गीत गाएँ । | |

**नोट- उपर्युक्त पाठ्यक्रम पुनरावृत्ति के साथ वार्षिक परीक्षा से पहले पूर्ण हो जाना चाहिए।**